पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में प्रदेश के खाद्य निर्यातकों को मिली बड़ी सौगात, RFRAC लखनऊ को APEDA की मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं की सूची में स्थान

अब खाद्य एवं कृषि उत्पादों के निर्यातकों को प्रदेश में ही मिलेंगी गुणवत्ता परीक्षण की विश्वसनीय सुविधाएं

निर्यातकों को समय की बचत के साथ अन्य राज्यों की प्रयोगशालाओं पर निर्भरता से मिलेगी मुक्ति

लखनऊ : 02 नवम्बर, 2026

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विकास, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने तथा गुणवत्ता परीक्षण सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। रीजनल फूड रिसर्च एंड एनालिसिस सेंटर (RFRAC), लखनऊ को कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) की मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं की सूची में शामिल किया गया है। इससे प्रदेश के खाद्य एवं कृषि उत्पादों के निर्यातकों को अब अपने उत्पादों की आवश्यक जांच एवं परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए प्रदेश से बाहर की प्रयोगशालाओं पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस उपलब्धि को प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण एवं कृषि निर्यात क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों, उद्यमियों एवं निर्यातकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधुनिक परीक्षण सुविधाओं का विस्तार होने से कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, निर्यातकों की कठिनाइयों को दूर करने तथा उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई पहचान दिलाने में सहायता मिलेगी।

अध्यक्ष राजस्व परिषद व उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री बी.एल. मीणा के नेतृत्व में प्रदेश में खाद्य गुणवत्ता परीक्षण सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण

एवं निर्यात संवर्धन की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। APEDA की मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं की सूची में RFRAC, लखनऊ को शामिल किया जाना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस सुविधा के माध्यम से खाद्य एवं कृषि उत्पादों के निर्यातक RFRAC, लखनऊ की प्रयोगशाला से अपने निर्यात उत्पादों की आवश्यक जांच एवं परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त कर सकेंगे। इससे परीक्षण प्रक्रिया में लगने वाला समय कम होगा, निर्यातकों के कार्य में सुगमता आएगी तथा निर्यात संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में सुविधा मिलेगी।

अपर मुख्य सचिव श्री बी.एल. मीणा ने प्रदेश के सभी निर्यातकों से अपील की है कि वे अपने निर्यात उत्पादों की आवश्यक जांच एवं परीक्षण रिपोर्ट RFRAC, लखनऊ की APEDA सूचीबद्ध प्रयोगशाला से प्राप्त करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस सुविधा की जानकारी प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, मंडलायुक्तों एवं मुख्य विकास अधिकारियों के माध्यम से संबंधित निर्यातकों तक व्यापक रूप से पहुंचाई जाए, ताकि अधिकाधिक उद्यमी इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विकास, गुणवत्ता आधारित उत्पादन, आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाओं के विस्तार तथा कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। RFRAC, लखनऊ को APEDA की मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं की सूची में स्थान मिलना प्रदेश के निर्यातकों के लिए सुविधाओं के विस्तार के साथ–साथ उत्तर प्रदेश को कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

सम्पर्क सूत्र– बी0एल0 यादव

राघवेन्द्र / 04:00 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in